तापमान

अधिकतम 41.7 डिग्री
न्यूनतम 20.9 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार, 27 अप्रैल 2024



11 हमलावरों को गिरफ्तार करे पुलिस डीएसपी से मिला ...




12 नवाचार बढ़ाने बौद्धिक संपदा अधिकारों की भूमिका ...




6वीं से 12वीं के छात्रों के लिए खास खबर

अब सपने पूरे होंगे आईआईटी, नीट की तैयारी के, वो भी कम फीस में रोहतक में ही

## 11वीं, 12वीं और 12वीं पास विद्यार्थी हो जाएं तैयार, ये रविवार आपके लिए खास

हरियाणा की नं. 1 कोचिंग संस्था कोटा क्लासिज रोहतक में कोटा की टॉप फैकल्टी है। जिन्होंने आईआईटी/नीट मेडिकल में प्रथम रैंक देने का इतिहास रचा है। 11वीं, 12वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 28 अप्रैल को कोटा पैटर्न का सबसे बड़ा मेगा सेमिनार व स्कॉलरशिप टेस्ट रोहतक में होने जा रहा है। इस स्कॉलरशिप टेस्ट में आपको कोटा की टॉप फैकल्टी से फ्री में पढ़ने का मौका मिल सकता है। इनका दावा है कि मात्र 1 क्लास अटैंड करने से आप मान जाएंगे कि रोहतक में भी देश की नं. 1 फैकल्टी है, जिनसे पढ़कर हम भी टॉपर बन सकते हैं।




### 100% तक स्कॉलरशिप मिलेगी

रविवार **28 अप्रैल** को रोहतक में कोटा का सबसे बड़ा स्कॉलरशिप टेस्ट का हिस्सा बनें और पाएं 100% स्कॉलरशिप

- कक्षा 6 से 12वीं तक पढ़ रहे विद्यार्थियों को 100% तक की स्कॉलरशिप के साथ-साथ फ्री में टॉप स्कूलों में पढ़ने का अवसर मिलेगा।
- 12वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों को भी 100% की फीस में मिलेगी छूट और साथ में क्रैश कोर्स फ्री में।

### फ्री रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य

विद्यार्थियों के लिए इस मेगा सेमिनार व स्कॉलरशिप टैस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है, जो बिल्कुल फ्री है। संपर्क करें : **कोटा क्लासिज,** सालासर कॉम्पलैक्स, मॉडट टाऊन, नजदीक सीआर पोलटैक्निक कॉलेज, रोहतक या फिर इन नम्बरों पर भी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं - **98964-51410, 97285-44433**



फॉलो करने पर पाये EXTRA
5% OFF
ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY

ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
@PPJEWELLERSROHTAK

केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर

सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।

P.P. Jewellers®
रोहतक
का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177

केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
कोई पॉलिश नहीं | कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं

35% की छूट हीरे की कीमत पर

SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें।
हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY

SUNDAY OPEN


### शहरी क्षेत्र में 31 लाख यूनिट तक बिजली खपत का आंकड़ा जा पहुंचा

# लग रहे बिजली कट, 80% बिना लोड बढ़वाए चला रहे एसी अब घर-घर जाकर पता लगाएंगे किसने नहीं बढ़वाया लोड

- शहरी क्षेत्र में 1 लाख 50 हजार से अधिक उपभोक्ता
- सर्कल में बिजली खपत 65 लाख यूनिट तक पहुंच गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एक माह से गर्मी का पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसकी वजह से शहर में बिजली खपत का ग्राफ भी बढ़ रहा है। शहरी क्षेत्र में 1 लाख 50 हजार से अधिक उपभोक्ता हैं। बिजली निगम की ओर से दावा किया जा रहा है कि 80 फीसदी उपभोक्ता ऐसे हैं, जो बिना मीटर का लोड बढ़वाए ही घरों में एसी व कूलर चला रहे हैं, जिससे फीडर व ट्रांसफार्मर पर ओवरलोड होने से फेस व फ्यूज में फाल्ट आने लगे हैं। इस वजह से बिजली कट की समस्या भी तेजी से बढ़ी है। सर्कल में बिजली खपत 65 लाख यूनिट तक पहुंच गई है जबकि शहरी क्षेत्र में 31 लाख यूनिट तक बिजली खपत का आंकड़ा जा पहुंचा है। इसके साथ-साथ अर्बन और रूरल एरिया की बिजली सप्लाई एक साथ चालू होती है तो और भी ओवरलोडिंग की समस्या बन जाती है। जिससे फीडरों पर लगे ट्रांसफार्मरों का तेल 75 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो जाता है। जिसको लेकर उन ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए लगभग एक-एक घंटा कट लगाना पड़ता है। इसके कारण अन्य दूसरे ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ जाता है। जिससे कंडक्टर, जंपर टूटने या फ्यूज उड़ने की घटना हो जाती है। जिसके कारण गर्मी में बिजली कट के दौरान पसीना बहाने के लिए मजबूर कर रही है। ऐसे में अफसरों ने फैसला लिया है कि लगातार चेतावनी जारी करने के बाद भी उपभोक्ता मीटर का लोड नहीं बढ़वा रहे हैं, लिहाजा अब निगम की टीम घर-घर जाकर लोड चेक करेगी।

### निगम की टीम घर-घर जाकर चेक करेगी लोड

सिटी डिवीजन के अंतर्गत सब डिवीजन नंबर एक में सनसिटी सेक्टर 35, हिसार रोड, गढ़ी मोहल्ला, आंबेडकर नगर, माता दरवाजा के पास, सब डिवीजन नंबर दो में अमृत कॉलोनी, श्रीराम नगर, शुगर मिल कॉलोनी, झज्जर रोड, आनंद नगर, न्यू विजय नगर, शीतल नगर, जनता कॉलोनी, विजय नगर, हरी सिंह कॉलोनी, सब डिवीजन नंबर तीन में सैनिक कॉलोनी, सनसिटी सेक्टर 36 ए, सुखपुरा चौक, राजेंद्र नगर, बैंक कॉलोनी, सूर्य नगर, आजादगढ़, सेक्टर एक, दो, तीन में निगम की टीम घर-घर जाकर बिजली का लोड चेक करेगी।


### तेल गर्म होने के कारण ब्लास्ट हो सकता ट्रांसफार्मर

शहर में लगे 12 सौ ट्रांसफार्मर व फीडरों का तेल आजकल उबल रहा है। इनमें से कई तो ऐसे हैं जो 70 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो जाते हैं। जिनको उसी समय बंद करना पड़ता है। यदि ट्रांसफार्मरों का तेल इससे ज्यादा गर्म हो जाए तो ट्रांसफार्मर के ब्लॉस्ट होने तक का अंदेशा है, जिससे ट्रांसफार्मर के आसपास रहने वाले कर्मचारियों को भी नुकसान हो सकता है। ऐसे में यदि हादसा हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

### ओवरलोड और बिजली चोरी रोकने के होंगे तीन प्रयास

- सीएमआरआई सिस्टम से रीडिंग लेने पर मीटर का डेटा कैप्चर करके उसके आधार पर अगले माह की बिलों में लोड कितना बढ़ा और उसके आधार पर बिल वसूला जाएगा। मीटर के जरिए यह पता चलेगा कि दिन या रात के समय कनेक्शन पर कितनी बिजली खर्च की गई।
- बिजली निगम की टीम घर-घर में जाकर एसी, कूलर, फ्रिज व अन्य कूलिंग इलेक्ट्रानिक उपकरणों को मौके पर चेक करके लोड तय करेगी।
- मीटर में लगे एमडीआई मैक्सिमम डिवाइस इंडिकेटर डिवाइस के जरिए आसानी से लोड का आकलन हो सकेगा।


## शोक संदेश



### स्व. श्री दयानंद खत्री
(01.05.1955 - 21.04.2024)

आप सभी को अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे परमप्रिय **श्री दयानंद खत्री** (सेवानिवृत्त पटवारी, समाजसेवी एवं पूर्व उपप्रधान जाट सभा, रोहतक) सुपुत्र स्व. श्री सूरत सिंह अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके दिनांक 21.04.2024 को देवलोक गमन कर गए।


### तेरहवीं व श्रद्धांजलि सभा
सोमवार, 29.04.2024 को प्रातः 9.00 बजे
स्थान - 2527, सेक्टर-1, रोहतक

**शोकाकुल परिवार**

Adv. कुलदीप दहिया (भांजा)
अरविन्द खत्री (पुत्र)
इंदु, डॉ. कृष्ण गुलिया (पुत्री, दामाद)
महावीर खत्री (भाई)
रणबीर खत्री (भाई)
रविंद्र खत्री (भतीजा)
**एवं समस्त परिजन**

सम्पर्क सूत्र : 9034571540, 7988081979, 9355002526






100% Certified
Free Jewellery Cleaning
1 Year Replacement Warranty**

Download our app now!
Building No. 570/1, Delhi Rd, Opp. Myna Tourist Complex, Rohtak 9817290190
www.caratlane.com | Follow us on

## खबर संक्षेप

### हेलीकाप्टर की बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी

**रोहतक।** सुभाष नगर में एक युवक से हेलीकाप्टर की बुकिंग करवाने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। सुशील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक वेबसाइट के माध्यम से कमल शर्मा नाम के व्यक्ति से 20 मार्च को कटडा में हेलीकाप्टर के लिए बुकिंग करवाई थी। बुकिंग के 8400 रुपये गूगल पे के माध्यम से पेमेंट की गई, लेकिन जब कटड़ा पहुंचा तो पता लगा कि दी गई टिकट फर्जी है। इस तरह आरोपित ने धोखाधड़ी कर ली। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सेना के जवान से 70 हजार की ठगी

**रोहतक।** गांव अटायल एक व्यक्ति से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। सापंला थाना पुलिस को दी शिकायत में भगवंत ने बताया कि वह भारतीय सेना में कार्यरत है। 21 अप्रैल को एक फोन आया, जिसमें राकेश नाम के जानकार नाम लेकर 70 हजार रुपये की ठग कर ली। जब पता कि यह फोन राकेश ने नहीं किसी अज्ञात व्यक्ति ने राकेश नाम लेकर किया है। तब पता चला कि धोखाधड़ी हुई। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी की वारदात का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। शहर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि भगवतीपुर निवासी राजकुमार की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 18 अप्रैल को राजकुमार अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर जींद बाइपास चौक के पास किरयाना स्टोर पर आया हुआ था। राजकुमार अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर सामान लेने चला गया। वापिस आया तो उसे अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली। जांच के दौरान 25 अप्रैल को आरोपी विरेंद्र निवासी मदीना को गिरफ्तार किया गया है।

### शादी में भाग लेने गए युवक की बाइक चोरी

**महम।** बहलबा गांव में आयोजित एक शादी समारोह में भाग लेने गए महम के एक युवक की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में कस्बा महम के वार्ड एक निवासी संजय पुत्र प्रेम सिंह ने बताया कि वह अपने पैतृक गांव बहलबा बजाण में आयोजित शादी समारोह में भाग लेने के लिए गया था। वहां से उसका हीरो सप्लेंडर मोटर साइकिल चोरी हो गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला को परिवार से मिलवाया

**रोहतक।** पीजीआई में उपचार के लिए सोनीपत से रैफर होकर आई एक अज्ञात महिला को हरिओम सेवा दल के सदस्यों ने उसके परिवार से मिलवा दिया। इस महिला को ड्राईवर राकेश व एएसआई योगराज सिंह सोनीपत से रैफर होने के बाद पीजीआई में भर्ती करवाकर गए थे।

### स्कूल टीचर पर बच्चे को पीटने का अरोप

**रोहतक।** पटेल नगर के एक स्कूल की टीचर पर 7वीं कक्षा के बच्चे को बेरहमी से पीटने का आरोप लगा है। बच्चे के शरीर में कई जगह चोट लगी हैं और नसों में दिक्कत आने के कारण अब वह सहीं से चल भी नहीं पा रहा। मामला अब पुलिस तक पहुंच गया है। बच्चे का नाम अंगद है और उसकी दादी राज ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग है।

### व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं प्राथमिक शिक्षक

**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में 22 से 25 अप्रैल तक चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक के पीआरटी अध्यापकों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण शिविर खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल के नेतृत्व में चलाया गया, जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह लाकड़ा ने की।

---

### लोकसभा चुनाव: उम्मीदवार 9 मई तक वापस ले सकते हैं नाम

# सोमवार से 6 मई तक नामांकन, प्रत्याशी के साथ चार व्यक्ति ही जा सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नई लोकसभा के लिए अगले सोमवार से नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में केवल 3 वाहन ही प्रवेश कर सकेंगे। नामांकन के समय उम्मीदवार के अलावा केवल 4 व्यक्तियों को इस कार्यालय में प्रवेश की अनुमति मिलेगी। सौ मीटर की परिधि लघु सचिवालय के मैन गेट से आरंभ होगी। छठे चरण में रोहतक लोकसभा सीट सहित प्रदेश की सभी 10 सीटों के लिए 25 मई को मतदान होगा।






#### 11 से 3 बजे तक नामांकन

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान की प्रक्रिया 29 अप्रैल को गजट अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू होगी। उम्मीदवार 29 अप्रैल से 6 मई तक सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इस अवधि के दौरान 5 मई को रविवार के दिन राजपत्रित अवकाश के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 6 मई को दोपहर बाद 3 बजे के बाद कोई भी नामांकन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस दिन 3 बजे के बाद रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में किसी भी उम्मीदवार का प्रवेश नहीं होगा।

#### 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच व छटनी होगी

नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि के बाद अगले दिन 7 मई को सभी नामांकन पत्रों की जांच व छटनी की जाएगी और उम्मीदवार 9 मई तक अपने नामांकन पत्र वापिस ले सकेंगे। प्रशासन ने चुनाव के दौरान इस प्रकार की गतिविधियों व चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रलोभन संबंधी वस्तुओं के आवागमन की निगरानी हेतु उड़नदस्ते व निगरानी टीमों का गठन किया गया है। प्रशासन ने स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलवाई। विजय नगर में शहीद रविंद्र सिंह की स्मृति में स्वीप अभियान के तहत रक्तदान शिविर लगाया गया।

#### जानकारी के लिए 1950 पर दें सूचना

प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर-1950 भी जारी किया गया है। इसलिए अगर किसी मतदाता को चुनाव से संबंधित कोई भी जानकारी लेनी है या देनी है तो वह हेल्पलाइन नंबर-1950 पर कॉल कर सकता है। सभी राजनीतिक दलों व आम नागरिकों से अपील की है कि वे जिला में स्वतंत्र निष्पक्ष, स्वच्छ व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के लिए प्रशासन का सहयोग करें।

- **अजय कुमार,** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रोहतक

---

## गेहूं उठान में कोताही बरतने पर होगी सख्त कार्रवाई: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि मंडियों से उठान में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। संबंधित अधिकारी मंडियों से गेहूं उठान के लिए आवश्यक कदम उठाये। उन्होंने जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक को निर्देश दिए कि वे मंडी से संबंधित सभी बिंदुओं का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करें। डीसी शुक्रवार को कैंप कार्यालय में मंडियों से गेहूं के उठान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य निगम के जिला प्रबंधक गेहूं उठान के कार्य को गंभीरता से नहीं ले रहे है जिनके विरुद्घ सरकार को लिखा जायेगा।

- **अधिकारी मंडियों से गेहूं उठान के लिए आवश्यक कदम उठाए**

डीसी ने मंडियों अनुसार गेहूं उठान के लिए उपलब्ध लेबर बिन्दुओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों एवं ट्रांसपोर्टरों को लेबर बिन्दुओं की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि जिला की मंडियों से गेहू का उठान सुचारू ढंग से हो सकें। उन्होंने रोहतक, सांपला व अन्य मंडियों में गेहूं उठान के प्रबंधों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सहायक आयुक्त अंडर ट्रेनिंग अभिनव, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार, सांपला के उपमंडलाधीश सुभाष चंद्र जून, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, हैफेड के जिला प्रबंधक अनूप नैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा संबंधित मंडियों के ट्रांसपोर्टर मौजूद रहे।

#### अब तक 181900.99 मीट्रिक टन खरीदा

अभी तक 181900.99 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इसमें से कलानौर साइलो में अब तक 9447.34 , किलोई में 16648.30 , लाखनमाजरा में 18282.30 , मदीना में 9598.70 , महम मंडी में 29347.90 , रोहतक मंडी में 60696 , सांघी में 11254.65 तथा सांपला मंडी में 26625.80 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

---

## वीवीपैट प्रणाली की डेमो के साथ जानकारी दी






**रोहतक।** चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को शिविर में प्रशिक्षण देते हुए मास्टर ट्रेनर विजय मलिक तथा शिविर में मौजूद संबंधित अधिकारी व कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां कर ली गई है। चुनाव में तैनात सेक्टर अधिकारियों, पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

मास्टर ट्रेनर विजय मलिक द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट की कार्य प्रणाली की डेमो के साथ जानकारी दी गई है। जिला की चारों विधानसभाओं में चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है। लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष एवं सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के दृष्टिगत सेक्टर अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारी लगाए गए हैं। इन अधिकारियों को चेक लिस्ट बनाने के निर्देश भी दिए गए है तथा मॉक पॉल के कार्य को भी डेमो के साथ दिखाया गया है। प्रशिक्षण में मतदान से पहले तथा मतदान के बाद विभिन्न फार्मों में दर्ज की जाने वाली जानकारियों के बारे में भी विस्तार से बताया गया है।


#### वैश्य कॉलेज के सभागार में प्रशिक्षण शिविर

वैश्य कॉलेज के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनर एवं नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह मलिक ने कहा कि इलैक्शन ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी ईवीएम मशीन का संचालन स्वयं करके देखें। उन्होंने ईवीएम से मतदान की कार्य प्रणाली, ईवीएम को मतदान के लिए तैयार करने, ईवीएम में खराबी के निराकरण, ईवीएम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट कार्य प्रणाली, वीवीपैट, आदि के बारे में जानकारी दी।विजय सिंह मलिक ने मतदान के दौरान एवं मतदान से पूर्व रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया। उन्होंने बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट की सीलिंग की प्रक्रिया तथा मतदान संपन्न होने के बाद सामग्री जमा करने की निर्धारित प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि इलेक्शन ड्यूटी में तैनात अधिकारी व कर्मचारी इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट प्राप्त कर ले ताकि उन्हें मतदान की सुविधा मिल सके। प्रशिक्षण के दौरान रोहतक विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी आशीष कुमार तथा सांपला विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुभाष चंद्र जून, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

---

## कार सवार युवक पर लाठी डंडों से हमला, पुलिस ने किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



दिल्ली बाइपास स्थित आईजी कार्यालय के बाहर बृहस्पतिवार को तीन-चार युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट की थी। जिसके बाद युवक की गाड़ी में तोड़-फोड़ की और गाड़ी की चाबी लेकर मौके से फरार हो गए। साथ ही युवक को जान से मारने की धमकी भी देकर गए है। शुक्रवार को पीजीआई थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव करौंथा निवासी हिमांशु ने चार युवकों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

बताया कि बृहस्पतिवार की शाम को गांव सुनारियां से रोहतक आ रहा था, जब बालचंद चौक से रुपया चौक की तरफ जा रहा था तो एक कार में सवार पांच युवकों ने पीछा करना शुरू कर दिया। इस दौरान दिल्ली बाइपास पर गाड़ी रूकवाने प्रयास किया, लेकिन गाड़ी नहीं रोकी। फिर पास में ही पेट्रोल पंप से आगे मोड पर गाड़ी को मोड रहा था तो सभी युवक अपनी गाड़ी से नीचे उतरे और हमला कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में हिमांशु ने बताया कि हमला करने वालों में आशीष, अंकुश निवासी गांव करौंथा, हिमांशु लाठर निवासी ठेके वाली गली शिवाजी कॉलोनी, मानिक पांचाल निवासी रिलायंस फ्रैंस काठ मंडी का रहने वाला है। उनके साथ अन्य युवक भी साथ था। हिमांशु ने बताया कि वह आयुर्वेदिक कंपनी में काम करता है और आरोपितों ने कहा कि दोबारा ड्यूटी पर नहीं आना वरना जान से मार देंगे। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

## सुराजीत गुहा ने छात्रों को कॅरियर गंभीरता से चुनने की सलाह दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में आयोजित कार्यशाला में मौजूद विद्यार्थी।

टू व्हाट यू लव तथा डो ऑट गिव अप का मंत्र देते हुए, क्रिएटिव थिंकिंग, इन्नोवेटिव आइडिया, परिवेश तथा समाज की समझ विकसित करने एवं दर्शक-श्रोता का मनोविज्ञान परखने तथा निरंतर अभ्यास व कड़ी मेहनत को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान प्रतिष्ठित विज्ञापन विशेषज्ञ तथा अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन कंसल्टेंट सुराजीत गुहा ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में आयोजित कार्यशाला में बतौर आमंत्रित विशेषज्ञ किया। एडवरटाइजिंग कॅरियर द इनसाइड स्टोरी विषयक इस दो दिवसीय कार्यशाला में सुराजीत गुहा ने विज्ञापन क्षेत्र की अंतर्कथा बताते हुए इस क्षेत्र में कॅरियर संभावनाएं तथा उसके लिए जरूरी तैयारी बारे महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि विज्ञापन में अकाउंट तथा मीडिया प्लानिंग, क्लाइंट सर्विसिंग, क्रिएटिव वर्टीकल में कॅरियर अवसर होते हैं। विज्ञापन विशिष्ट शैली से कहने तथा प्रस्तुति की प्रक्रिया तथा सेवा है। उनका कहना था कि जितनी तैयारी अच्छी होगी, उतनी कामयाबी विज्ञापन तथा जीवन में मिलेगी। अपने कॅरियर विकल्प को गंभीरता से चुनने की सलाह दी। विद्यार्थियों-शोधार्थियों के सवालों का जवाब सुराजीत गुहा ने दिया। विज्ञापन संबंधित प्रेजेंटेशन भी दी। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में प्रतिष्ठित कारपोरेट प्रोफेशनल कविता पांडा के इनपुट्स का उल्लेख कर आभार जताया।

#### विज्ञापनों की चर्चा की

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार ने विभिन्न अस्सी-नब्बे के दशक के चर्चित विज्ञापनों की चर्चा की। प्रो. हरीश कुमार ने कहा कि विज्ञापन का सामाजिक तथा व्यक्तिगत प्रभाव है। भविष्य में प्रैक्टिकल वर्कशॉपस तथा एलुमनाई कनेक्ट प्रोग्राम आयोजित करने की बात प्रो. हरीश कुमार ने की। कार्यशाला समन्वयक प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने कार्यक्रम संचालन किया। उन्होंने कहा कि विज्ञापनों की लुभावनी दुनिया के पीछे क्रिएटिव माइंड्स, इनोवेटिव कंटेंट क्रिएटर्स, चुटीले संचार कर्ता तथा टीम वर्क के सामूहिक प्रयास होते हैं। प्रभावी विज्ञापन के जरिए प्रोडक्ट, सर्विस, इंस्टीट्यूट, व्यक्ति की ब्रांडिंग भी संभव होती है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

---

## निदांना गैंगवार: जींद और गिझी के तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

पुलिस ने निंदाना के बुजुर्ग समेत दो की गोली मारकर हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। पकड़े गए आरापियों में लाभसिंह निवासी लाजवाना जिला जींद हाल विकास नगर बहादुरगढ़, राकेश निवासी जींद व जसबीर उर्फ राजे निवासी गिझी शामिल हैं। आरोपी हत्या करने के षडयंत्र में शामिल रहे हैं। वारदात में अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम द्वारा निंरतर छापेमारी की जा रही है। सीआईए-1 थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी कि नजदीक भिवानी स्टैंड, भिवानी रोड महम पर वजीर निवासी निंदाना को गोली मारी गई है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। मौके पर पता चला कि दो बुजुगोZ को गोली लगी है। इनमें से एक की मौके पर मौत हो गई और दूसरे को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बाद में घायल की भी मौत हो गई थी।

निंदाना के मृतक के भाई रामनिवास की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि रामनिवास पांच भाई हैं, शमशेर व वजीर अपने बच्चों सहित लोहारू में रहते हैं। 2018 में शमशेर व उसके परिवार के खिलाफ महम में मुकदमा दर्ज कराया था। 16 अप्रैल को शमशेर, वजीर, कृष्ण, दीपक व संजीत महम आए हुए थे। शमशेर, वजीर व उसकी पत्नी घर का सामान खरीद कर भिवानी स्टैंड महम में पहुंचे थे। वजीर भिवानी जाने वाली बस के इंतजार में खड़ा था। शमशेर अपनी पत्नी के साथ वहां से चल पड़ा। उसी समय गोलिया चलने की आवाज सुनाई दी। शमशेर ने नजदीक आकर देखा तो मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक वजीर पर गोली चला रहे थे। पास खड़ी गाड़ी में चार पांच युवक बैठे हुए थे। निंदाना गांव के अंकित उर्फ गोधू की मुकदमों के कारण रंजिश चली आ रही है। जिसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर वजीर को गोली मारी। इसी दौरान बल्लु निवासी किशनगढ़ को भी गोली लगी।

### 150 मतदाताओं को किया जागरूक एवं 51 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान : गौड़

**रोहतक।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता 'स्वीप' के तहत मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी में 'चुनाव का पर्व-देश का गर्व' अभियान में शहीद रविन्द्र धर्मार्थ ट्रस्ट एवं लायंस क्लब रोहतक आन द्वारा माता रामरति देवी की स्मुति में मतदाता जागरूकता एवं रक्तदान उत्सव का आयोजन शहीद रविन्द्र स्मारक अम्बेडकर पार्क, झज्जर रोड़, रोहतक में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रसि( समाज सेवी ईश्वर भारतीय रहे। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता अनिता बुधवार, डॉ. निर्मल एवं जिते अत्री रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन महिन्द्र गुगनानी चार्टर अध्यक्ष ने की। संयोजन रक्तदाता प्रेरक जे.पी.गौड़ ने किया। आयोजक नरेश ब्राह्मणवासिया रहे। जे.पी.गौड़ ने बताया कि पीजीआई रक्तकोष एवं रेडक्रास टीम के सहयोग से 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जिसमें राजस्वरूप राठी ने अपने जन्मदिवस पर रक्तदान किया। रक्तदातओं में एक महिला रक्तदाता रही। सभी अतिथियों ने माता रामरति देवी के चित्र एवं शहीद रविन्द्र स्मारक पर पुष्प अर्पित किए। जिला अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय से आई टीम में करतार सिंह पी.ओ., बलजीत सिंह, जयवीर रीडर, नीरज सैनी ने अगामी लोकसभा चुनाव के लिए 150 लोगों को मतदान करने के लिए आगे आने को कहा।

### करौंथा स्कूल में मलेरिया से बचने के लिए जागरूक किया

**रोहतक।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा करौथा के जीजीएसएस स्कूल में मलेरिया को लेकर नुक्कड़ नाटक किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला ने बताया कि ऐसे नुक्कड़ नाटक का मंचन जिले भर में किए जाएंगे। नाटक में छात्र दीपक ने मच्छर का रोल अदा करते हुए दिखाया कि किस प्रकार मच्छर हमें काटता है आगे एक नम्बरदार के घर का दृश्य दिखाते हुए बच्चों और ग्रामीणों को समझाया कि कहां मच्छर अंडे दे सकते हैं। नाटक से जानकारी दी कि बुखार आने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी ब्लड स्लाइड बनवाकर मलेरिया बुखार का पता लगाना चाहिए। अगर वो पॉजिटिव आता है तो उसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जानी वाली 14 दिन के लिए आरटी करवाना चाहिए। इसके साथ ही 25 सदस्यीय टीम जाट कॉलेज के मास मीडिया विभागाध्यक्ष डॉ. जसमेर सिंह के निर्देशन में गांव पहुंची। प्राचार्य रश्मी, इंदु प्रभा, पूनम नरवाल, कृष्ण कुमार और मनोज सहरावत ने टीम का स्वागत फलदार पौधे से किया जिसे स्कूल प्रागण में रोपा गया।

---

**धार्मिक आयोजन** बाबा गुलाब पुरी व संतों ने भजन गाकर सभी का मार्गदर्शन किया

## संकट मोचन मंदिर में 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां साध्वी गायत्री के 8वें निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। इससे पहले सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में मंगल गीत गाकर, गाजे-बाजे व बैंड बाजों की धुन पर भक्तों ने भजन-कीर्तन कर अपनी आस्था जताई। इसके बाद 12 बजे सुंदरकांड पाठ किया गया। कलश यात्रा मंदिर से बाबरा मौहल्ला, बड़ा बाजार, गढ़ी मौहल्ला व मुख्य बाजारों से होते हुए बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज डेरे पर पहुंची, जहां उन्होंने श्रद्धा से कलश भरा। भक्तों ने डेरा महंत महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज से आशीर्वाद लिया। बाबा गुलाब पुरी व संतों ने भजन गाकर सभी का मार्गदर्शन किया। यात्रा में जगह-जगह भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई और प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद यात्रा कथा स्थल पर पहुंची। जहां पुरोहितों ने विधिवत पूजन के बाद कलश की स्थापना की।



**रोहतक।** कलश यात्रा का शुभारंभ करते हुए महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी,महामंडलेश्वर विश्वेश्वरा नन्द व गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी। फोटो : हरिभूमि

#### कलश में भगवान विष्णु का वास

गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि सनातन धर्म में हर धार्मिक कार्यों में कलश का विशेष महत्व है। कलश रिद्धि सिद्धि का प्रतीक है। ऐसा माना जाता है कि कलश के मुख में भगवान विष्णु (भगवान विष्णु मंत्र) का वास होता है और कंठ में रुद्र और मूल में ब्रह्मा वास करते हैं। साथ ही कलश के मध्य दैवीय शक्तियां निवास करती हैं। कलश में भरा पवित्र जल इस बात का संकेत देता है कि हमारा मन जल की तरह शीतल, साफ और निर्मल बना रहे। उन्होंने बताया कि कलश के ऊपर रखा नारियल मनुष्य को इस बात की शिक्षा देता है कि परिवार के मुखिया को ऊपर से सख्त और अंदर से मुलायम होना चाहिए। कलश के ऊपर रखी माला का मतलब जिस प्रकार माला में लगा हुआ फूल महकता है उसी प्रकार मनुष्य का जीवन भी दूसरों को सुगंध देने वाला होना चाहिए।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

शनिवार 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। जिसमें सीएमओ डॉ. अनिल बिरला व सिविल अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा मरीजों का उपचार किया जाएगा। मरीजों का बीपी, शुगर की भी जांच होगी व उन्हें दवाईयां भी निशुल्क वितरित की जाएंगी।

## खबर संक्षेप

### मदवि में विशेष ट्रेनिंग दो मई को दी जाएगी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज 2 मई को- डेवलपिंग सेल्फ कंपीटेंसीज एंड वर्क कल्चर विषयक ट्रेनिंग सत्र का आयोजन करेगा। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के कोआर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने बताया कि कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा बतौर की-नोट स्पीकर इस ट्रेनिंग सत्र में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में एमडीयू के गैर शिक्षक अधिकारी एवं कर्मी भाग लेंगे। यह कार्यक्रम एफडीसी भवन में दोपहर बाद 3 बजे से प्रारंभ होगा।

### पुशअप रिकॉर्ड बनाने के लिए आयोजन कल

**महम।** एक हजार पुशअप का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए सीसर खास गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 28 अप्रैल को सुबह 8 बजे एक आयोजन किया जाएगा। सीसर खास गांव निवासी राजपाल एक हाथ से एक हजार पुशअप लगाएंगे। वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए यहां ऑपन चैलेंज का आयोजन किया जाएगा। गांववासी अमित सिंहमार ने बताया कि इस आयोजन को लेकर इलाके के लोगों में उत्साह का माहौल है।

### सेक्टर-30 में प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में चोरी

**रोहतक।** सेक्टर-30 स्थित प्रापर्टी डीलर के कार्यालय में चोरी का मामला सामने आया है। आईएमटी थाना पुलिस को दी शिकातय में गांव बलियाणा निवासी राफल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 अप्रैल को शाम को आफिस बंद कर गया था। जब अगले दिन सुबह आकर देखा तो आफिस के गेट का ताला टूटा हुआ मिला। आफिस के अंदर से एसी, फ्रीज, छत वाला पंखा, गैस सिलेंडर, इन्वर्टर व बैटरी, सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर चोरी हुई मिली।

### दो महिलाओं की चेन तोड़ी, सीसीटीवी में कैद

**सांपला।** धर्मशाला में कथा सुनने गई दो महिलाओं की चैन चोरी हो गई। जब धर्मशाला में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किए गया तो पता चला कि गले से चैन चोरी करने वाली महिला ही निकली। पुलिस ने वार्ड नंबर-10 महाजन मोहल्ला निवासी रीना व सुनिता की शिकायत के अधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। सुनीता ने बताया कि महाजन धर्मशाला में कथा चल रही थी। सभी भक्ति में लीन थे और नाच गाना कर रहे थे। इस दौरान गले से चैन गायब हुई मिली। उन्हें समझा कि कहीं उनकी चैन गिर गई। जब धर्मशाला के सीसीटीवी कैमरे चेक किया तो एक महिला पीछे से उनकी चैन खोलती नजर आई।

### जैविक किसान करेंगे उपभोक्ताओं से संवाद

**रोहतक।** जैविक किसान बिक्री समूह, हरियाणा द्वारा 27 अप्रैल को रोहतक में जैविक किसान-उपभोक्ता संवाद का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में शाम 5 बजे स्वामी नितानंद स्कूल में होगा। 'बिक्री समूह के सलाहकार प्रो. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि भारत के राष्ट्रीय पोषण संस्थान हैदराबाद के आंकडे बताते हैं कि साल दर साल खाद्य पदार्थों में पोषक तत्व कम होते जा रहे हैं। संतरे में विटामिन सी एवं गाजर में विटामिन ए की मात्रा कम होने का दावा प्रो. चौधरी ने किया है। इन्होंने कहा कि इस का एक बड़ा कारण रासायनिक खेती है।

## महम के व्यापारियों, दुकानदारों व स्थानीय नागरिकों में भय का माहौल

# हमलावरों को गिरफ्तार करे पुलिस डीएसपी से मिला व्यापार मंडल

- एक दिन पहले दिनदहाड़े घर में घुसकर महिला को लहूलुहान कर गहने छीन ले गए थे बदमाश
- कुछ दिन पहले भिवानी स्टैंड पर बदमाशों ने दो बुजुर्गों की गोली मारकर कर दी थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम



**महम।** डीएसपी संदीप कुमार से मिलने पहुंचे शहर के दुकानदार व व्यापारी।

महम शहर में बदमाश बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो जाते हैं। कुछ दिन पहले जहां शहर के भीड़ भाड़ वाले इलाके भिवानी स्टैंड पर हथियारों से लैस दो बदमाशों ने दो बुजुर्गों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी थी। वीरवार को खांड की मंडी के पास घर में घुसकर दो बदमाशों ने एक महिला को लहुलुहान कर सोने के गहने छीन लिए। यह मकान ऐसी जगह पर है, जहां पर आम बदमाश वारदात करने की हिम्मत नहीं कर सकता। क्योंकि वहां पर आम रास्ता नहीं है। केवल वही आदमी जा सकता है, जिसको वहां पर काम है। यहां बदमाश को पकड़े जाने का डर होना चाहिए। लेकिन बदमाश इतना बेखौफ हो गए हैं कि बेडरूम में घुसकर ही महिला को चाकूओं से गोद डाला और सोने की चेन और अन्य गहने छीनकर फरार हो गए। शहर में दिन दिहाड़े हुई इन वारदातों के बाद शहर के लोगों में भय का माहौल पैदा हो गया है। क्योंकि लोग घर और प्रतिष्ठान में भी सुरक्षित नहीं रहे। ऐसी वारदातें पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा कर रही हैं। शहर के लोग चैन से सो पाएं और उन्हें दिन के समय भी भय महसूस न हो, इस बात का आश्वासन लेने की मांग को लेकर व्यापार मंडल महम के पदाधिकारी डीएसपी संदीप कुमार से मिले।

### डीएसपी ने दिया सुरक्षा का आश्वासन

डीएसपी ने व्यापारियों व दुकानदारों को शहर के लोगों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने का आश्वासन दिया। बताया कि गैंगवार में हुए बुजुर्गों के दोहरे हत्याकांड में तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। महिला को लहूलुहान कर गहने छीनने वाले बदमाशों को पकड़ने के लिए भी टीमें गठित कर दी गई हैं। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही पुलिस इन बदमाशों को भी गिरफ्तार कर लेगी। दोषियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। डीएसपी से मिलने वालों में व्यापार मंडल महम के प्रधान जोगिंद्र गिरोत्रा, पार्षद बोबी गोयल, अनिल रोहिल्ला, राजू सोनी, सतपाल सढ़ाना, राजू सोनी, अनिल रोहिल्ला, मोनू मोखरिया, संदीप तायल, पवन तायल, कालू रल्हन, राजू वाल्मीकि, साहिल छाबड़ा, मोजी बतरा, सोनू खत्री व अशोक धवन समेत कई दुकानदार व व्यापारी मौजूद थे।

## मिस फेयरवेल सुजाता व अभिषेक को मिस्टर का खिताब दिया



**रोहतक।** फेयरवेल पार्टी में विद्यार्थियों के साथ विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह।

- मदवि के लोक प्रशासन विभाग में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग में शुक्रवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह ने किया और सीनियर्स स्टूडेंट को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस समारोह में एमए सीबीसीएस. से मिस फेयरवेल देविका और मिस्टर फेयरवेल निशांत तथा मिस पर्सनालिटी तमन्ना और मिस्टर पर्सनालिटी जयप्रकाश रहे। एमए ऑनर्स दसवें सेमेस्टर से मिस फेयरवेल सुजाता और मिस्टर फेयरवेल अभिषेक तथा मिस पर्सनेलिटी कुसुम और मिस्टर पर्सनेलिटी नितिन रहे। एमए छठे सेमेस्टर से मिस फेयरवेल संध्या और मिस्टर फेयरवेल आशीष तथा मिस पर्सनालिटी मीनू और मिस्टर पर्सनेलिटी अंकित रहे। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. सतबीर सिंह चाहर, डॉ. जगबीर नरवाल, डॉ. सुमंदर सिंह, डॉ. सुमन लता सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# जलवायु परिवर्तन के कारण बताए

- स्वास्थ्य जागरुकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



**रोहतक।** पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के दौरान अपने पोस्टर दिखाते हुए प्रतिभागी।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस समिति द्वारा सीडीओई कांफ्रेंस हॉल में संचालित सात दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर में शुक्रवार सुबह के सत्र में नगर निगम के कंसल्टेंट अरविन भाटिया ने क्लाइमेट चेंज पर व्याख्यान दिया।अरविन भाटिया ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के परिणाम वैश्विक स्तर पर पारिस्थितिकी तंत्र, अर्थव्यवस्था और मानव कल्याण पर गहरा प्रभाव डाल रहे हैं। उन्होंने ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में परिवर्तन और पर्यावरण-अनुकूल बुनियादी ढांचे को लागू करने के लिए पहल करने की बात कही। उन्होंने रोहतक में नगर निगम द्वारा कचरा प्रबंधन के लिए किए जा रहे प्रयासों बारे भी बताया। दूसरे सत्र में पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीसरे सत्र में ड्रग डी-एडिक्शन पर जेपी कालेज ऑफ फार्मेसी की निदेशिका डॉ. छवि सिंगला ने विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने नशे के कारणों के साथ-साथ इसकी रोकथाम के उपायों बारे भी जानकारी दी। तदुपरांत वर्तमान समय में सामाजिक मुद्दे विषय पर एक स्किट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। यूथ रेड क्रॉस समिति की कार्यक्रम समन्वयिका प्रो. अंजू धीमान ने सत्र अध्यक्षता की। वाईआरसी काउंसलर डॉ. कपिल कौशिक व डॉ. प्रीतम श्योराण पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल रहे। वाईआरसी काउंसलर डॉ. कविता, डॉ. आशा, डॉ. धीरज खुराना तथा वाईआरसी कंसल्टेंट एमसी धीमान ने कार्यक्रम समन्वयन एवं संचालन किया।

### मंडी में बिना बिके पड़ा एक लाख क्विंटल से ज्यादा गेहूं

**महम।** शुक्रवार को प्रदेश की कई मंडियों में बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं भीग गया। खराब मौसम ने महम अनाज मंडी में भी आढ़तियों, किसानों और मंडी प्रशासन की चिंता बढ़ाए रखी। लेकिन यहां हल्की बुंदाबांदी ही हुई। जिस वजह से गेहूं पानी की चपेट में आने से बच गया। महम अनाज मंडी में अब तक 5 लाख 21 हजार 216 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें से 3 लाख 85 हजार 487 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है, जबकि 1 लाख 35729 क्विंटल गेहूं बिना बिका हुआ मंडी में पड़ा हुआ है। यहां पर फूड एंड सप्लाई विभाग ने सबसे अधिक गेहूं की खरीद की है। फूड एंड सप्लाई ने यहां 1 लाख 47 हजार 532 क्विंटल गेहूं खरीदा है। खरीद एजेंसी वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन ने 1 लाख 18 हजार 673 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। हैफेड ने यहां पर 1 लाख 19 हजार 282 क्विंटल गेहूं की खरीद की है।

# महम के टेंट गोदाम में लगी आग

- लाखों रुपये का सामान जलकर राख हुआ, दुकानदार परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम



**महम।** टैंट के गोदाम में लगी आग पर काबू पाते दमकल केंद्र के कर्मचारी।

शुक्रवार दोपहर को कस्बा महम के फरमाणा रोड पर एक टैंट की दुकान के गोदाम में आग लग गई। जिस वजह से वहां पर रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। फरमाणा रोड पर पूर्व सरपंच सतीश के पेट्रोल पंप के पास भैणीचंद्रपाल गांव के सुनील कुमार नंबरदार ने टैंट की दुकान का गोदाम बनाया हुआ है। यह गोदाम बंद पड़ा था। दोपहर को करीब 2 बजे किसी ने वहां पर गोदाम के अंदर से धुंआ निकलता हुआ दिखाई दिया।

राहगीरों ने इसकी सूचना सुनील कुमार को दशहरा ग्राउंड के पास स्थित उसकी दुकान पर दी। दुकानदार ने मौके पर जाकर देखा तो उसकी दुकान में रखा सामान धू धू कर जल रहा था। उसके बाद सूचना दमकल केंद्र महम को की गई। यहां से दो गाड़ियां मौके पर आग बुझाने के लिए पहुंची, लेकिन आग अधिक लगी हुई थी। उसके बाद आग पर काबू पाने के लिए तीसरी गाड़ी मंगवाई गई। फायरमैन नीरज सिंहमार और अशोक कुमार ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद टैंट गोदाम में लगी आग को बुझाया गया। गोदाम के मालिक सुनील कुमार का कहना है कि उसकी दुकान में टैंट के सामान के अलावा डीजे और कई तरह अन्य सामान भी रखा हुआ था, जो सारा जलकर राख हो गया। पास में रखा जनरेटर भी जल गया। करीब 25 से 30 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

# वैश्य महाविद्यालय में व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

वैश्य महाविद्यालय में फैक्लिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम ईकाई के तत्त्वाधान विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. जगबीर राठी निदेशक छात्र कल्याण विभाग महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रहे। डॉ. राठी ने कहा कि जब भी अपने कार्यक्षेत्र में जाओ घर को भूल जाओ और घर में कार्य क्षेत्र को याद न करो, उन्होंने अपने अनुभव सांझा करते हुए छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी सभ्यता संस्कृति से जुड़ें।

उन्होंने हरियाणवी संस्कृति व कला पर भी प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि अपने माता पिता व शिक्षक की इज्जत करें। उन्होंने कहा कि तनावमुक्त होने के लिए मात्र हंसना ही काफी है। इस अवसर पर डॉ. फूलसिंह यादव, डॉ. दिनेश रानी बंसल, डॉ. पिंक प्रभा, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. राजल गुप्ता, डॉ. उन्मेष मिश्र, डॉ. वीरेन्द्र खुराना आदि मौजूद रहे।

### उम्मीदवार सोमवार से दाखिल कर सकेंगे अपने नामांकन पत्र

**रोहतक।** नई लोकसभा के लिए अगले सोमवार से नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में केवल 3 वाहन ही प्रवेश कर सकेंगे। नामांकन के समय उम्मीदवार के अलावा केवल 4 व्यक्तियों को इस कार्यालय में प्रवेश की अनुमति मिलेगी। सौ मीटर की परिधि लघु सचिवालय के मैन गेट से आरंभ होगी। ध्यान रहे कि छठे चरण में रोहतक लोकसभा सीट सहित प्रदेश की सभी 10 सीटों के लिए 25 मई को मतदान होगा तथा 4 जून को मतगणना होगा। छठे चरण के लिए आयोग द्वारा 29 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी की जायेगी।

## प्रांतीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक 28 को

**रोहतक।** पिछले 500 वर्षों के लगातार निरंतर संघर्ष के बाद अपने संत समाज की एक जुटता से ही सनातन हिंदू धर्म की बिखरी ताकत को एकता में पिरोने का कार्य आगे बढ़ रहा है, उसी के परिणाम स्वरूप अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य दिव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ है और भारत की आत्मा को जागृति का भी आभास हुआ है। पुराने समय में भी हिंदू समाज व राजाओं का मार्गदर्शन तपस्यारत भारत की सनातन संस्कृति का गौरव संत महात्मा ही करते थे और आज भी समाज में राम राज्य को साकार करना संत महात्माओं के मार्गदर्शन से ही संभव है। ये बात पत्रकार वार्ता के दौरान विश्व हिंदू परिषद हरियाणा के प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख तिलक राज ने कही। उन्होंने कहा कि इसी संतुलन को साधने के लिए प्रांत के सभी मार्गदर्शक मंडल के संत महात्माओं की प्रांतीय बैठक का आयोजन 28 अप्रैल को डेरा बाबा लक्ष्मणपुरी धाम पर होगा। उन्होंने कहा कि बैठक में विहिप के केंद्रीय मंत्री अशोक तिवारी भाग लेंगे।इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज, महंत सतीश दास, विजय चुघ सहित अन्य मौजूद रहे।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते विश्व हिंदू परिषद हरियाणा के प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख तिलक राज और साथ में हैं महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज।

# 68 किलोग्राम भार वर्ग में सारिका ने जीता गोल्ड



**रोहतक।** वाराणसी में चल रही सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में दा आर्यन ग्लोबल स्कूल की छात्रा सारिका मलिक ने कुश्ती के 68 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। सारिका ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया और स्वर्ण पदक जीतकर श्रेष्ठ खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाई। सारिका के इस बेहतरीन प्रयास को देखकर अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिल रही है। सारिका ने स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है बल्कि अपने गुरु मंदीप, स्कूल व अपने जिले का भी नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधक सुरेश सिंगला, प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने सारिका के के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही सारिका व स्कूल के अन्य बच्चों को खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि सारिका मलिक के नाम पहले से ही कई उपलब्धियां हैं। सारिका का बचपन से ही खेलों के प्रति रुझान है। सारिका साक्षी मलिक को अपना आदर्श मानती है तथा उन्हीं के नक्शे कदम पर चलकर अपने परिवार तथा अपने देश का नाम रोशन करना चाहती है।

### सूचना

मैं, रामकुवार पुत्र श्री टेक चंद निवासी मकान नंबर 2575/1, सिंहपुरा रोड, सूर्या कालोनी, जिला रोहतक, हरियाणा-124001 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र संदीप तथा मेरी पुत्रवधु राखी और उनके बच्चे राधिका, रिया और आर्यन मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सूचना

मैं, रोशनी देवी पत्नी स्व. श्री महावीर सिंह निवासी मकान नंबर-2, कैनाल कॉलोनी, सरकुलर रोड, रोहतक बयान करती हूं कि मेरी पुत्री ज्योति पत्नी श्री देवकांत व दामाद देवकांत निवासी गांव मोई हुड्डा तहसील गोहाना व जिला सोनीपत हाल निवासी खोखराकोट रोहतक और मेरी दूसरी लड़की बबीता पत्नी श्री अजय व दामाद अजय निवासी गांव बुढा खेडा तहसील जुलाना व जिला जींद मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सूचना

मैं, धर्मवीर पुत्र श्री भाना राम निवासी भैणी भैरों तहसील महम जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विकास तथा मेरी पुत्रवधु भावना मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## रिसर्च मैथडोलोजी पर सात दिवसीय कार्यशाला का समापन

# उच्चकोटि का शोध कार्य करने के लिए प्रेरित किया

- शोध के मूल में जाने की आवश्यकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



**रोहतक।** कार्यशाला में शामिल प्रतिभागी शोधार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

शोध करते समय शोध के मूल में जाने की आवश्यकता है। तभी शोधार्थी प्रमाणिक और गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य कर पाएंगे। उत्कृष्ट शोध कार्य करने का यह मूल मंत्र महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने फैकल्टी ऑफ मैनजमेंट साइंसेज एंड कामर्स द्वारा चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के तत्वावधान में- रिसर्च मैथडोलोजी पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र में शोधार्थियों से रुबरु होते हुए दिया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शोधार्थियों को उच्च कोटि का शोध कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अच्छे शोध के लिए शोधार्थी विषय की गहराई में उतरे। उन्होंने शोध के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए शोधार्थियों से परिश्रमी और जिज्ञासु प्रवृति के बनने का आह्वान किया। प्रो. राजबीर सिंह ने फैकल्टी ऑफ मैनजमेंट साइंसेज एंड कामर्स तथा चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट को इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कुलपति ने इस कार्यशाला में शामिल प्रतिभागी शोधार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए। निदेशक आईएचटीएम प्रो. आशीष दहिया ने स्वागत भाषण दिया। कामर्स विभाग के प्राध्यापक डा. मनोज कुमार ने कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट की निदेशिका प्रो. सोनिया मलिक ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें शोधार्थियों को शोध के विभिन्न पहलुओं बारे व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। इमसॉर निदेशक प्रो. सत्यवान बरोदा ने आभार जताया। कामर्स विभाग की प्राध्यापिका डा. रेखा ढिंगड़ा ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर फैकल्टी ऑफ मैनजमेंट साइंसेज एंड कामर्स के प्राध्यापक एवं प्रतिभागी शोधार्थी गण उपस्थित रहे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR (F) 4
COMPUTER OPERATOR (M) 4
PHARMACY STAFF 3
CHEMIST SHOP STAFF 2
WARD BOY 2
GATE KEEPER 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

सैक्स समस्यायें
M. 8689006190, 8708047093
मर्दाना ताकत, 7 दिन वाला कोर्स
नसों का ढीलापन अविकसित अंग धात, शीघ्रपतन, कम निल शुक्राणु स्त्री रोग, फिगर बनाएं
DR. K.K. SHOREN, B.A.M.S
जुनेजा मॉर्डन फार्मेसी
सैक्टर 2-3 पार्ट, 1866, नजदीक लिटल श्री स्कूल, रोहतक

## शहर में आज

- मदन लाल ढींगड़ा कम्यूनिटी सेंटर में पेंटिंग प्रतियोगिता सुबह 8 बजे से
- संकट मोचन मंदिर में जांच शिविर सुबह 10 बजे से श्रीमद भागवत कथा शाम 4 से 7 बजे तक
- स्वामी नितानंद स्कूल में जैविक किसान-उपभोक्ता संवाद शाम 5 बजे से
- नगर निगम द्वारा वार्ड-7 की सैनी धर्मशाला और वार्ड-8 के सामुदायिक केन्द्र में कैंप लगाए जाएंगे
- नगर निगम विशेष सफाई अभियान चलाएगा सुबह 9 बजे से

## बिजली कट

- *सुबह 8 से 11 बजे तक* वैश्य कॉलेज, नया पड़ाव, अग्रसेन कॉलोनी, जनता कॉलोनी, कच्चा बेरी रोड, न्यू जनता कॉलोनी, सुनारिया रोड, श्री राम नगर, हरी सिंह कॉलोनी, कुंज विहार, नई अनाज मंडी, नई सब्जी मंडी, शुगर मिल कॉलोनी, अजीत कॉलोनी, राजेंद्र कॉलोनी, पालिका कॉलोनी, रेलवे फीडर, मेन डिस्पोजल फीडर आदि
- सुबह 9 से 12 बजे तक प्रीत विहार, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, छोटू राम कॉलोनी, अंबेडकर कॉलोनी, ईएसआई डिस्पेंसरी, आजाद नगर, कमला नगर, चावला कॉलोनी, एकता कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, कन्हेली मोड़, डेयरी कॉम्प्लेक्स आदि
- सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक गांव बोहर, लाढ़ौत, भैयापुर की सप्लाई बाधित रहेगी

### मुसीबत: गर्मी शुरू होते ही शहर में बढ़ने लगी पानी की किल्लत

# लोग बोले, नेता वोट मांगने आएं तो पहले पानी की समस्या का समाधान करवाएं

- पिछले काफी समय से लोग विभाग और नेताओं के पास जाकर थक चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गर्मी शुरू हो चुकी है और इसी के साथ शहर में पानी की किल्लत भी बढ़ने लगी है। पूरा और शुद्ध पानी नहीं मिलने से लोग परेशान हैं। कई कॉलेनियों में महीनों से पानी को लेकर समस्या हो रही है। जसबीर कॉलोनी, कबीर कॉलोनी, सलारा मोहल्ला, पाड़ा मोहल्ला, सेक्टर-1 हाउसिंग बोर्ड समेत कई कॉलोनियों में दूषित पेयजल सप्लाई हो रहा है। कॉलोनी के लोग अब नेताओं से आस लगाए बैठे हैं कि वोट मांगने आएंगे तो समस्या का हल भी करवा जाएंगे। हालांकि पिछले काफी समय से लोग विभाग और नेताओं के पास जाकर थक चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा। अब लोकसभा चुनाव चल रहे हैं तो नेता पानी की समस्या उठा रहे हैं। जसबीर कॉलोनी की जगमति, सविता, किरण आदि ने बताया कि पांच साल तक नेताओं को पानी की समस्या नजर नहीं आई। अब वोट लेने हैं तो जनता की याद आ रही है। जो भी नेता वोट मांगने आएगा उससे जवाब मांगा जाएगा कि पांच साल से जनता की सुध क्यों नहीं ली।



रोहतक। सलारा मोहल्ला व पाड़ा मोहल्ला के लोगों को सम्बोधित करते जयहिंद सेना प्रमुख डॉ. नवीन जयहिंद। *फोटो: हरिभूमि*

### कई दिनों से पीने के पानी को तरस रहा सलारा मोहल्ला

दूसरी ओर जयहिंद सेना प्रमुख डॉ. नवीन जयहिंद के पास सलारा मोहल्ला के लोग पानी की समस्या को लेकर पहुंचे। मोहल्लेवासी पिछले कई दिनों से पीने के पानी को भी तरस रहे हैं। हर जगह गुहार लगाने के बाद भी उनकी पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ। लोगों ने बताया कि जैसे ही गर्मी का मौसम आता है पानी की किल्लत शुरू हो जाती है। लेकिन किसी भी सरकार ने इस समस्या का समाधान नहीं किया। जयहिंद सलारा मोहल्ला के लोगों से मिले और उनकी समस्या को सुना। सलारा मोहल्ले में महिलाएं अपने सिरों पर मटका लिए घर के बाहर बैठी पानी का इन्तजार कर रही थी।

### डीसी ने दो अलग-अलग पेयजल बूस्टर का किया निरीक्षण

## जल्द शुरू होगा बूस्टर, फ्रेंड्स कॉलोनी, बोहर माजरा और अस्थल बोहर को मिलेगा पानी



रोहतक। बाबा मस्तनाथ में बन रहे बूस्टर का निरीक्षण करते हुए डीसी अजय कुमार व नगर निगम के अधिकारी।

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ शिक्षण संस्थान परिसर में पेयजल बूस्टर जल्द बनकर तैयार होगा। यहां 1620 केएल क्षमता का बूस्टर बन रहा है और इसका निर्माण अंतिम चरण में है। बूस्टर के लिए मोटर लगाई की जा चुकी है, टैंक भी बन चुका है। बूस्टर बनने के बाद मस्तनाथ शिक्षण संस्थाओं के अलावा साथ लगती फ्रेंड्स कॉलोनी, बोहर माजरा व अस्थल बोहर कॉलोनी के लोगों को लाभ मिलेगा। वहीं गढ़ी बोहर के बूस्टर में जो कमियां हैं उसे पूरा करने के लिए डीसी अजय कुमार ने निर्देश दिए हैं। कि बूस्टर से संबंधित कार्यों की सूची व कार्य पूरा होने की तारीखों का विवरण तुरंत उपलब्ध करवाया जाए।

**किसी भी साइट पर काम न रुके:** डीसी ने गांव खेड़ी साध में शेष बची पेयजल पाइप लाइन को बिछाने के बारे में भी निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि सभी साइट्स पर काम जारी रखें जाएं। उन्होंने गैन्ट्री, जनरेटर सेट, मैप, ट्रांसफार्मर, बिजली मीटर, सडक व शौचालय आदि के बारे में भी दिशा निर्देश दिए। डीसी के साथ असिस्टेंट कमिश्नर अंडर ट्रेनिंग अभिनव (आईएएस), नगर निगम के कार्यकारी अभियंता मनदीप धनखड़ और जेई हेमंत मौजूद रहे।

**देरी सहन नहीं होगी:** डीसी ने नगर निगम अधिकारियों के साथ बाबा मस्तनाथ में बन रहे बूस्टर का निरीक्षण किया। स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्य में देरी को सहन नहीं किया जाएगा। डीसी ने मौके पर संबंधित ठेकेदार से जवाब तलब किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। अजय कुमार ने इसके उपरांत गढ़ी बोहर के बूस्टर का भी निरीक्षण किया। इससे पहले ही पेयजल आपूर्ति की जा रही लेकिन यहां पर कुछ ढांचागत सुविधाओं को और भी मजबूत बनाना है। इस कार्य को भी लेकर उपायुक्त ने मौके पर दिशा निर्देश जारी किए।



रोहतक। एफडीसी कांफ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश छिक्कारा को स्मृति चिंह देते हुए डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. अरुण नंदा, प्रो. हरीश दूरेजा व अन्य प्रोफेसर।

## नवाचार बढ़ाने बौद्धिक संपदा अधिकारों की भूमिका महत्वपूर्ण: वीसी प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर आईपीआर स्टडीज द्वारा फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग के सहयोग से विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के उपलक्ष्य में एफडीसी कांफ्रेंस हॉल में शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में वक्ताओं ने बौद्धिक संपदा पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, जीआई टैग, पेटेंट के बारे में जानकारी दी।

हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार का शुभारंभ भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश छिक्कारा ने बतौर मुख्यातिथि किया। कुलपति प्रो. सुदेश छिक्कारा ने कहा कि नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर)की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार से लीगल ही नहीं, वरन सोशल और कमर्शियल मुद्दे भी जुड़े हैं। मुख्यातिथि प्रो. सुदेश छिक्कारा ने कहा कि इस डिजिटल युग में हम सभी को आईपीआर बारे जानकारी होनी चाहिए और समाज को भी इस बारे जागरूक करने की जरूरत है। कॅरियर के दृष्टिकोण से भी उन्होंने इस क्षेत्र को अपार संभावनाएं से भरा बताया। उन्होंने इस राष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### आईपीआर जागरूकता बढ़ाना मुख्य उद्देश्य

सेंटर फॉर आईपीआर स्टडीज के निदेशक एवं इस राष्ट्रीय सेमिनार के कंवीनर प्रो. हरीश दूरेजा ने सेंटर फॉर आईपीआर स्टडीज की शैक्षणिक और शोध गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। प्रो. हरीश दूरेजा ने कहा कि इस राष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आईपीआर जागरूकता बढ़ाना है। डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. अरुण नंदा ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि बौद्धिक संपदा मानव मस्तिष्क के आविष्कार और कलात्मक कार्य से जुड़ी है। प्रो. नंदा ने वर्तमान दौर में बौद्धिक संपदा अधिकार की महत्ता से अवगत करवाया। आयोजन सचिव डॉ. राकेश कुमार मारवाह ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया। उन्होंने इस वर्ष विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के थीम आईपी एंड एसडीजी: बिल्डिंग ऑवर कॉमन फ्यूचर विद इनोवेशन एंड क्रिएटिविटी पर प्रकाश डाला।

### राष्ट्रीय सेमिनार में तीन तकनीकी सत्र व पोस्टर प्रेजेंटेशन

इस राष्ट्रीय सेमिनार में तीन तकनीकी सत्र तथा पोस्टर प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। तकनीकी सत्रों में पेटेंट इनफार्मेशन सेंटर, एचएससीएसआईटी, डीएसटी, हरियाणा के वैज्ञानिक डा. राहुल तनेजा, दिल्ली विश्वविद्यालय से डॉ. अश्विनी सिवाल तथा मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पेटेंट कार्यालय, दिल्ली के एग्जामिनर ऑफ पेटेंट्स एंड डिजाइंस डॉ. संदीप यादव ने बतौर वक्ता शिरकत की और विशेष व्याख्यान देते हुए बौद्धिक संपदा अधिकार के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। फार्मेसी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सलोनी कक्कड़ ने मंच संचालन किया। सेमिनार के को-कंवीनर डॉ. राजीव कुमार कपूर ने आभार प्रदर्शन किया। डॉ. कपूर ने आईपीआर सेल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। सह आयोजन सचिव डॉ. कपिल मल्होत्रा ने समन्वयन सहयोग दिया। इस अवसर फार्मेसी विभाग के प्राध्यापक, एमडीयू के विभिन्न विभागों के अध्यक्ष एवं प्राध्यापक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## देर रात तीन वाहनों की आपस में टक्कर, एक की मौत, कई घायल

**रोहतक।** रोहतक भिवानी मार्ग पर बृहस्पतिवार देर रात तीन वाहनों की आपस में भयानक टक्कर हो गई। हादसा उस समय हुआ जब एक मिट्टी से भरा हुआ ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार कर सड़क के दूसरी तरफ आ गया और सड़क पर ही पलट गया। ट्रक पलटने के दौरान वहां से गुजर रहा पिकअप डाला व एंबुलेंस भी हादसे का शिकार हो गई। मिट्टी से भरा होने के कारण ट्रक की सारी मिट्टी सड़क पर बिखर गई, जिसके कारण सड़क पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए।



### ट्रक पलटने के कारण हादसा

हादसे का शिकार हुए ट्रक चालक की पहचान राजस्थान के बीकानेर निवासी विक्रम के रूप में हुई। वहीं, छोटा हाथी सवार गांव रिटौली निवासी रामचंद्र व हर्ष इस हादसे में घायल हो गए। सूचना पर कलानौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच अधिकारी एएसआई ने बताया कि वीरवार रात को भिवानी-रोहतक मार्ग पर 152डी के नजदीक एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद मिट्टी को सड़क से हटाया और जाम को खुलवाया गया। वहीं, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। ट्रक भिवानी से रोहतक की तरफ आ रहा था। इसी दौरान रोहतक-भिवानी मार्ग पर 152 डी के नजदीक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर के ऊपर से रोड की दूसरी तरफ चला गया और रोड पर पलट गया। ट्रक में मिट्टी होने के कारण रोड पर मिट्टी बिखर गई। मिट्टी सड़क पर बिखरने के कारण रोहतक-भिवानी मार्ग जाम हो गया। इससे करीब 3-4 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। ऐसे में वाहन चालकों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ा। ट्रक सवार की मौत हो गई और दो घायल है। मृतक के परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया है।

## मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को नशीले पदार्थ सहित किया काबू

**रोहतक।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को नशीले पदार्थ सहित काबू किया। युवक से 1 किलों 30 ग्राम चरस बरामद हुई है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी मनोज ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को काबू किया गया। युवक की पहचान राकेश निवासी कमाच खेड़ा जिला जींद व दूसरे की पहचान सुधीर निवासी गांव फरमाणा के रुप में हुई। तलाशी में सुधीर के पास से 1 किलो 30 ग्राम चरस बरामद हुई है। दोनों पर थाना महम में केस दर्ज किया गया है।

## सांपला में बिजली के तार चोरी, बिजली रही बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

इस्माइला बिजली लाइन के अज्ञात व्यक्ति करीब 3 हजार मीटर लंबे बिजली के तार चोरी कर ले गए। पुलिस ने बिजली कर्मचारी संदीप कुमार की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। सांपला से इस्माइला इंडस्ट्री एरिया में 11केवी लाइन गई हुई है। इस्माइला पेट्रोल पंप से पॉलिटेक्निकल कॉलेज के बीच की लाइन को चोरों ने पोल को गिरकर तार चोरी कर लिए। निगम के अनुसार करीब 300000 के तार चोरी हुए हैं। जिससे पूरा दिन इंडसट्रियल एरिया की बिजली बाधित रही।

## अजायब की राधिका ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम



महम। विजेता खिलाड़ी राधिका अपने कोच के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

अजायब गांव निवासी राधिका पुत्री सुनील कुमार ने साउथ एशियन चैंपियनशिप में कुराश खेल में गोल्ड मेडल जीतकर माता पिता, गांव व प्रदेश का नाम रोशन किया है। कोच निखिल जांगड़ा ने बताया कि यह प्रतियोगिता केरल के कोची में 19 से 24 अप्रैल तक आयोजित की गई थी। राधिका का गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

## छात्रों को पेटेंट, कॉपी राईट व कानूनी अधिकार बताए



रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि वैश्य लॉ कॉलेज से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूजा राव। *फोटो: हरिभूमि*

- वैश्य संस्थान में विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वैश्य तकनीकी संस्थान में शुक्रवार को आईआईसी के तत्वाधान विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि वैश्य लॉ कॉलेज से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूजा राव रही। उन्होंने छात्रों को पेटेंट, कॉपी राईट व अन्य कानूनी अधिकारों के विषय में बताया तथा इससे संबंधित समस्याओं व उनके निदान के बारे में जागरूक किया।

वैश्य शिक्षण संस्था के प्रधान नवीन जैन ने छात्रों को नूतन अनुसंधान करने के लिए प्रेरित किया और तकनीकी ज्ञान संबंधी अधिकारों की सुरक्षा के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम का संयोजन संजय गुप्ता आईपीआर कोर्डिनेटर ने और अध्यक्षता प्राचार्य संजीव गुप्ता तथा आईआईसी के प्रधान सतीश जैन ने की। मंच संचालन मीडिया प्रभारी कंचन बाला द्वारा किया गया। इस अवसर पर आईआईसी के उप प्रधान राजन सरीन, ओएमसीए इंचार्ज पवन गर्ग, शालू गर्ग, जंयत शर्मा, हेमंत सिंधु, मंजीत सहित अन्य उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

LPS BOSSARD
Prcven Productivity
MORE THAN NUTS & BOLTS
की प्रस्तुति
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पोस्टर प्रतियोगिता
(इंटर स्कूल - रोहतक)
विषय: पर्यावरण बचाओ
दिनांक: 27 अप्रैल 2024, शनिवार, समय: प्रात: 10.00 बजे
स्थान:- शहीद मदन लाल ढींगरा, कम्युनिटी सेंटर, पुरानी आई.टी.आई., रोहतक
मुख्य अतिथि
श्री गजेन्द्र चौहान
कुलपति, दादा लख्मीचन्द स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स
अध्यक्षता
श्री राजेश जैन
मैनेजिंग डायरेक्टर
एलपीएस बोसार्ड प्रा.लि.
नोट :- सभी प्रतिभागियों को उनके रजिस्ट्रेशन नंबर प्रतियोगिता स्थल पर प्रात: 9.00 बजे वितरित किए जाएंगे, कृप्या समय से पहले पहुंचे।
CO-SPONSOR
ptc-circle IT Services Pvt. Ltd.
AMS GLOBAL ACADEMY NEET I JEE I NDA, ROHTAK
CAREER POINT KOTA Delhi Road, Power House Chowk ROHTAK CENTRE
BP Jain Skill Development Centre
UPS LAKSHMI
FOR FURTHER DETAILS CONTACT
9996959400, 9996954600, 9996985800, 9996957600, 8818083100